**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 12.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 12 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में दिनांक 12.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गुम हुए 12 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 11.09.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के रहने वाले एक लड़की द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि उसका भाई घर से बिना बताये कहीं चला गया है, काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका पता नहीं चला। सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा बालक की खोज हेतु प्रयास प्रारम्भ किए गए। जानकारी के क्रम में दिनांक 12.09.2025 को जरैली कोठी के पास से 12 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. चौकी प्रभारी विश्वविद्यालय श्री राजेश कुमार मौर्य
2. कां0 ऋषभ सोनी
3. कां0 माधव